प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचारों को करेंगे साझा।
2. जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा में अभ्यर्थियों के अनियमितता की शिकायत पर रांची और हजारीबाग के उपायुक्त से चौबीस घंटे में मांगी जांच रिपोर्ट।
3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलामू के परिवर्तन यात्रा में हेमंत सरकार पर 5 वर्षों तक राज्य की जनता को ठगने का लगाया आरोप।
4. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रांची में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा –झारखंड में लूट, झूठ और ठगी की चल रही सरकार।
5. 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर नेशनल बालक चैंपियनशिप में झारखंड ने पुंडुचेरी पर शानदार जीत दर्ज कर अंतिम आठ में बनाई जगह।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह मन की बात का चौथा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और newsonair मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित करेगा।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आय़ोग, जेएसएससी ने संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा, सीजीएल में अभ्यर्थियों द्वारा दर्ज कराई गईए अनियमितता की शिकायत पर रांची और हजारीबाग के उपायुक्त से चौबीस घंटे के अंदर जांच कर रिपोर्ट मांगी है। शिकायतकर्ताओं को सभी साक्ष्यों के साथ तीस सितंबर को आय़ोग में आने को कहा गया है। इस महीने की 21 और 22 सितंबर को राज्यभर के आठ सौ तेईस केंद्रों पर आय़ोजित परीक्षा में तीन लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे। कई अभ्यर्थियों ने परीक्षा में गड़बड़ियों को लेकर राज्यपाल के पास शिकायत दर्ज कराई थी। राज्यपाल के आदेश पर जेएससएसी की कमिटी पूरे मामले की जांच की जा रही है।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हेमन्त सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में गठबंधन नहीं ठगबंधन की सरकार है । पलामू परिवर्तन रैली के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार ने पांच वर्षों तक राज्य की जनता को ठगने का काम किया है। हमारी सरकार बनने पर एक–एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा।

वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने परिवर्तन रैली में कहा कि हेमंत सरकार ने बालू, पत्थर,जमीन और जमीन लूटने का काम किया है। संताल इलाक़े में घुसपैठियों ने आदिवासियों की जमीन हड़प ली है, लेकिन राज्य सरकार मौन है।

*******************

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि झारखंड में लूट और झूठ की सरकार चल रही है। उन्होंने हेमन्त सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने जो वादे किए थे, उसमें से एक भी पूरा नहीं किया। रांची में कल एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार, जाति और वंशवाद की पार्टी से राज्य और देश का भला नहीं हो सकता है।

*******************

राज्य के हुसैनाबाद सीट से एनसीपी विधायक कमलेश सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में 3 अक्टूबर को झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की उपस्थिति में वे अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

*******************

लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आज धनबाद में जन आक्रोश मार्च को संबोधित करेंगे। इस इस कार्यक्रम में पार्टी के कई सांसद और विधायक भी मौजूद रहेंगे।

*******************

राज्य के नक्सली प्रभावित इलाकों में युवाओं को उग्रवाद और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करने के लिए पुलिस विशेष अभियान चलाएगी। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि इस दौरान बच्चों को शिक्षित करने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

*******************

राजधानी रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर के पुनर्विकास, मरम्मत और सौंदर्यीकरण पर लगभग सात करोड रुपए खर्च होंगे। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि इस राशि की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। यह कार्य इकतीस मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा।

*******************

साहिबगंज जिले में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये साफ–सफाई के प्रति लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

*******************

रांची के नामकुम अंचल में अंचल अधिकारी द्वारा ऑफिस का ताला तोड़कर प्रभार ग्रहण का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को चौबीस घंटे में जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है।

*******************

चंडीगढ़ में खेली जा रही 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में झारखंड बालक टीम ने जगह बना ली है। झारखंड ने अपने अंतिम लीग मैच में पुंडुचेरी पर तेरह–शून्य से जीत दर्ज की। सबियन किड़ो और टिंटूस हेम्ब्रम ने चार–चार गोल किये। कल खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल में झारखंड का सामना उत्तर प्रदेश से होगा।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने इजराइली हमले में हिजबुल्ला चीफ नसरल्ला के मारे जाने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – राज्यकर्मियों की उम्र सीमा 62 करने की हेमंत सरकार कर रही तैयारी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – ऑफिस में नहीं थे नामकुम सीओ, नए सीओ ने ताला तोड़, लिया प्रभार।

प्रभात खबर ने पर्यटन निगम के नाम से फर्जी खाता खोलकर 10 करोड़ चालीस लाख निकाले जाने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण लिखता है – 10वीं और 12वीं की परीक्षा केंद्रों पर सीसी टीवी कैमरा अनिवार्य।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने जम्मू कश्मीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुनावी जनसभा को संबोधित करने की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है।

*************